# उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड
(उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)
**U.P. POWER CORPORATION LIMITED**
(Govt. of Uttar Pradesh Undertaking)
शक्ति भवन, 14 अशोक मार्ग, लखनऊ
CIN : U32201UP1999SGC024928

संख्या–1024–ज0श0 एवं प्र0सु0–01/पाकालि/2020–11–ज0श0/2008, दिनाँक २१ .10.2020

प्रबन्ध निदेशक,
पूर्वांचल/मध्याँचल/पश्चिमाँचल/दक्षिणाँचल,
वि0वि0नि0लि0, कानपुर विद्युत आपूर्ति कम्पनी लि0 (केस्को)
वाराणसी/लखनऊ/मेरठ/आगरा/कानपुर।

निदेशक (वाणिज्य)/(वित्त)/(वितरण)/
(कारपोरेट प्लानिंग),
उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0,
शक्ति भवन, लखनऊ।

**विषय :** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के लिए विशेष अभियान संचालित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक उत्तर प्रदेश शासन से प्राप्त पत्र संख्या–957/6–पु–15–2020 दिनांक 15.10. 2020 **(छायाप्रति संलग्न)** का संलग्नकों सहित सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

उक्त पत्र के माध्यम से मुख्य सचिव, गृह, उत्तर प्रदेश शासन ने महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के लिए विशेष अभियान संचालित किये जाने हेतु उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बनायी गयी कार्ययोजना को संलग्नकों (1) प्रस्तावित 10 दिन का कार्यक्रम, (2) मिशन शक्ति का प्रस्तुतिकरण एवं (3) नोडल महिला अधिकारियों की सूची सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित किया है।

उपरोक्त के सन्दर्भ में आपसे अनुरोध है कि कृपया शासन के पत्र संख्या–957/6–पु–15–2020 दिनांक 15.10.2020 **(छायाप्रति संलग्न)** को संलग्नकों सहित अपने अधीनस्थ इकाईयों को प्रेषित कराना सुनिश्चित करें।

**संलग्नक–यथोपरि।**

भवदीय,

(ए0के0 पुरवार)
निदेशक (का0प्र0 एवं प्रशा0)

**संख्या–1024(i)–ज0श0 एवं प्र0सु0–01/पाकालि/2020, तद्‌दिनांक**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. अपर मुख्य सचिव, गृह, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
2. अपर मुख्य सचिव, ऊर्जा, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
3. अध्यक्ष, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
4. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
5. अपर सचिव (प्रथम/द्वितीय/तृतीय), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
6. अधिशासी अभियन्ता, वेब, शक्ति भवन लखनऊ को उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 की वेबसाईट www.upenergy.in पर अपलोड करने हेतु।

(ए0के0 पुरवार)
निदेशक (का0प्र0 एवं प्रशा0)

संख्या- 957/6-पु-15-2020

प्रेषक,

राजेन्द्र कुमार तिवारी
मुख्य सचिव
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1- अपर मुख्य सचिव/ प्रमुख सचिव,
बेसिक शिक्षा/माध्यमिक शिक्षा/उच्च शिक्षा/ प्राविधिक शिक्षा/ चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण/ सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग/ युवा कल्याण/ महिला कल्याण/ बाल विकास/ कृषि/चिकित्सा शिक्षा/औद्योगिक विकास/ ग्रामीण विकास/पंचायतीराज/सूचना विभाग/ परिवहन विभाग/नगर विकास एवं आवास विभाग/ न्याय/ समाज कल्याण विभाग/ श्रम/ संस्कृति/ पशुपालन एवं दुग्ध विकास।

2- पुलिस महानिदेशक,
उ0प्र0 लखनऊ।

3- समस्त मण्डलायुक्त/ पुलिस उपमहानिरीक्षक
उ0प्र0।

16.10.2020

4- अपर पुलिस महानिदेशक,
बाल एवं सुरक्षा संगठन, उ0प्र0 लखनऊ।

5- अपर पुलिस महानिदेशक,
अभियोजन, उ0प्र0, लखनऊ।

6- समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0
(जनपद बुलन्दशहर, देवरिया, कानपुर नगर, उन्नाव, जौनपुर, अमरोहा, फिरोजाबाद को छोड़कर)

7- पुलिस आयुक्त, गौतमबुद्धनगर, लखनऊ /समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/ पुलिस अधीक्षक, उ0प्र0।

गृह (पुलिस) अनुभाग-15 लखनऊ: दिनांक: 15 अक्टूबर, 2020

विषय:- महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के लिए विशेष अभियान संचालित किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि उ0प्र0 सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के सन्दर्भ में एक व्यापक कार्ययोजना बनायी गयी है और इस कार्ययोजना के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के लिए एक विशेष अभियान चलाये जाने का शासन द्वारा निर्णय लिया गया है। प्रथम चरण में उक्त अभियान आगामी शारदीय नवरात्र में दिनांक 17.10.2020 से प्रारम्भ कर दिनांक 25.10.2020 तक की अवधि में (संलग्नक-1) के अनुसार चलाया जाएगा। विशेष अभियान के शुभारम्भ होने के पश्चात् विभिन्न विभागों द्वारा अन्तर्विभागीय समन्वय द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के सम्बन्ध में विशिष्ट कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यद्यपि प्रथम चरण के विशेष अभियान का समापन दिनांक 25.10.2020 को होगा, किन्तु इसके उपरान्त भी उक्त विशेष अभियान अनवरत जारी रहेगा, जिसका अन्तिम रूप से समापन माह अप्रैल, 2020 (वासंतिक

नवरात्र) में होगा। उक्त विशेष अभियान के संचालन के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन तथा महिला अपराध व बाल अपराध के सम्बन्ध में जागरुकता पैदा करने हेतु प्रत्येक माह एक सप्ताह के विशिष्ट कार्यक्रम भी आयोजित किये जाएंगे। उक्त विशेष अभियान का नाम **"मिशन शक्ति"** होगा।

2. उक्त विशेष अभियान कुल **180** दिन तक चलाया जाएगा। विशेष अभियान के दौरान प्रदेश के समस्त 75 जनपदों, **821** ब्लाकों, **59,000 पंचायतों, 630** शहरी निकायों व **1535 थानों** के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्म निर्भर बनने का प्रशिक्षण, सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति जागरूकता प्रदान किये जाने की कार्य योजना है। इसके अतिरिक्त लैंगिक आधारित संवेदीकरण, ध्वनि संदेश, साक्षात्कार, प्रशिक्षण, दुर्गापूजा पण्डालों में कार्यक्रम, थानों पर कार्यक्रम तथा ग्रामीण स्तर पर जागरूकता उत्पन्न किये जाने संबंधी कार्यक्रम सम्पन्न किए जाएंगे। महिलाओं में स्वावलम्बी बनने की प्रकिया को बढ़ाया जायेगा। विभिन्न विभागों द्वारा विभिन्न स्तरों पर शासन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के लिये चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं में लाभार्थियों का चयन एवं प्रशिक्षण के कार्यक्रम कराये जायेंगे। पूर्व में प्राप्त हो रहे लाभों का सत्यापन भी कराया जायेगा। शासन के विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी प्रदान किये जाने हेतु महिलाओं/ बालिकाओं के जागरुकता शिविर आयोजित कर उन्हे इन कार्यक्रमों के लाभों के बारे मे अवगत कराया जायेगा। एक रजिस्टर रखा जायेगा, जिसमें महिलाओं एवं बालिकाओं से सम्बन्धित कार्यक्रमों का लाभ उठाने के इच्छुक महिलाओं/बच्चों का विवरण दर्ज किया जायेगा तथा उन्हें विभिन्न योजनायों में लाभ दिलाने हेतु फार्म इत्यादि भरवाकर सम्बन्धित विभाग को भेजा जायेगा तथा विवरण कम्प्यूटराइज कराकर अनुश्रवण किया जायेगा।

3. विशेष अभियान में स्थानीय स्तर पर सामाजिक संगठन, विभिन्न महिला संगठनों, मीडिया तथा जागरूक समाज सेवियों की एक समिति बनाकर विभिन्न रोल मॉडल का चयन किया जाएगा। ऐसी महिलाओं एवं बालिकाओं का चयन किया जाएगा जोकि विभिन्न क्षेत्रों में समाज के लिए एक प्रेरणा बनी है तथा विशिष्ट क्षेत्रों में उपरोक्त उद्देश्यों के लिए प्रयास कर सफलता पायी हैं। उदाहरण स्वरूप ऐसी महिलाएं एवं बालिकाएं, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों जैसे महिला सशक्तिकरण, भ्रूण-हत्या रोकने सम्बन्धी अभियान, उद्यमिता, शिक्षा, महिला अपराध रोकने इत्यादि इन क्षेत्रों में सफलता पाकर जनपद एवं प्रदेश के लिए रोल मॉडल बनी हैं उनका चयन रोल मॉडल के लिए किया जायेगा। प्रत्येक जनपद से 100 रोल मॉडल का चयन किया जाएगा। विशेष अभियान का उद्देश्य प्रदेश की **महिलाओं एवं बालिकाओं को स्वावलम्बी बनाना, उनमें सुरक्षित परिवेश की अनुभूति कराना, जन-जागरूकता पैदा करना, आत्म सुरक्षा की कला हेतु प्रशिक्षित करना एवं दुराचारियों की पहचान उजागर करना है।** विशेष अभियान में शामिल विभागों के माध्यम से राज्य की समस्त आबादी यथा- 24 करोड़ प्रदेश के नागरिकों (जिसमें महिलाएं एवं बालिकाएं मुख्य रूप से सम्मिलित हैं) को शामिल किया जाएगा। उक्त विशेष अभियान के संचालन हेतु शासन की कार्ययोजना/ दिशा-निर्देश निम्नवत् है:-

1. विशेष अभियान में सम्मिलित प्रत्येक विभाग की एक पृथक कार्ययोजना होगी। प्रत्येक विभाग द्वारा अन्तर्विभागीय समन्वय के माध्यम से अपने विभाग की कार्ययोजना को मूर्त रूप प्रदान किया जाएगा एवं दिनांक 15.10.2020 को अपना शासनादेश अवश्य जारी कर दिया जाएगा।
2. विशेष अभियान के सफल संचालन के निमित्त अभियान में सम्मिलित विभागों के मध्य अन्तर्विभागीय समन्वय हेतु प्रत्येक विभाग द्वारा एक **नोडल अधिकारी** नामित किया जाय। प्रथम चरण में इस अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाय तथा द्वितीय चरण में **"मिशन शक्ति"** के इन्फोर्समेंट (क्रियान्वयन) पर बल दिया जाय। सभी संबंधित विभाग **"कन्वर्जेन्स मॉडल"** के माध्यम से इस विशेष अभियान में सहयोग प्रदान करेंगे।
3. शिक्षा से सम्बन्धित समस्त विभागों (यथा-बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, उच्च शिक्षा, प्राविधिक शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा एवं चिकित्सा शिक्षा आदि द्वारा विशेष अभियान के दौरान सरकार द्वारा संचालित संस्थाओं के अतिरिक्त अन्य संस्थानों को भी सम्मिलित किया जाय तथा सभी बालक-बालिकाओं की अभियान में सहभागिता अवश्य सुनिश्चित की जाए। इस हेतु जनपद स्तर पर कार्यरत जनपदीय अधिकारियों, यथा- बेसिक

शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक व अन्य अधिकारियों तथा सम्बन्धित संस्था के प्राचार्य की जिम्मेदारी सुनिश्चित की जाए।

4. नवरात्र के दौरान बने पूजा स्थलों/पण्डालों में **लघु फिल्मों** के माध्यम से एवं गांव-गांव नुक्कड़ नाटकों, (जिसके द्वारा भ्रूण हत्या आदि कुरीतियों की रोकथाम से संबंधित मैसेज हर परिवार तक पहुंचे) का आयोजन किया जाए, जिससे कि व्यापक जनजागरण हो। पूजा-पण्डालों एवं रामलीला समिति को अनापत्ति प्रमाण पत्र तदनुसार जिला प्रशासन द्वारा जारी किया जाए।
5. एल0ई0डी0 वैन व पब्लिक एड्रेस सिस्टम का वृहद उपयोग कन्या भ्रूण हत्या आदि कुरीतियों को रोकने हेतु किया जाए।
6. विशेष अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाय तथा अच्छी सक्सेज स्टोरीज एवं आर्टिकिल्स का प्रकाशन किया जाए।
7. महिला एवं बाल अपराध की मानीटरिंग हेतु जनपद स्तर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अध्यक्षता में **मानीटरिंग कमेटी** गठित है, जिसकी कोविड-19 के पूर्व प्रतिमाह नियमित बैठक होती थी और उक्त अपराधों से संबंधित वादों के निस्तारण में प्रदेश का प्रथम स्थान है। अत: पुन: अब जिलाधिकारी/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त **मानीटरिंग कमेटी** की बैठक दिनांक 16.10.2020 के पहले आयोजित कराकर पॉक्सो व महिला अपराध से संबन्धित वादों के मा0 न्यायालय से निस्तारण की प्राथमिकता दी जाए। इस संबंध में महानिबन्धक, मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद से भी शासन द्वारा पत्र भेजकर अनुरोध किया गया है। प्रत्येक अभियोजन अधिकारी की जवाबदेही तय की जाए तथा प्रत्येक मामले में समयबद्ध रूप से चार्जशीट दाखिल कराया जाना सुनिश्चित किया जाए।
8. नारी सुरक्षा से संबंधित समस्त विभागों द्वारा यह सुनिश्चित करना होगा कि प्राप्त शिकायतों में पीड़िता/शिकायतकर्ता की पूर्ण संतुष्टि के स्तर तक कार्यवाही को गतिमान रखा जाए।
9. पुलिस विभाग के अन्तर्गत **1090 एवं यू0पी0 112** द्वारा एकसाथ मिलकर पीड़ित की शिकायतों का प्रभावी ढंग से निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए और पीड़ित महिला/बालिका की संतुष्टि तक कार्यवाही जारी रखी जाए। पुलिस विभाग की हेल्पलाइन 181 को भी यू0पी0 112 से जोड़ा जाए तथा महिलाओं से आने वाले काल्स को मानीटर किया जाए।
10. प्रत्येक थाने में **"महिला हेल्प डेस्क"** स्थापित किया जाना एक सुन्दर पहल है और इसे राज्य के समस्त 1535 थानों में स्थापित किये जाने की कार्यवाही की जाए। प्रत्येक थाने में **"एण्टी रोमियो स्क्वाड"** द्वारा अभियान चलाया जाए।
11. विशेष अभियान को और अधिक प्रभावी एवं व्यापक बनाये जाने हेतु **इच्छित निजी संस्थाओं** तथा जनपदों में उपलब्ध संस्थाओं को जोड़ा जाए। साथ ही **व्यापारिक प्रतिष्ठान, बैंकिंग संस्थान, चिकित्सालय व अन्य सार्वजनिक संस्थाओं** में होने वाली जनसामान्य के एकत्रित होने के दृष्टिगत अभियान की कार्ययोजना/संचालन सुनिश्चित कराया जाए।
12. स्थानीय निकायों मे विशेष अभियान के कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार डिस्प्ले बोर्ड के माध्यम से एवं प्रचार के अन्य माध्यमों द्वारा किया जाए तथा इस विशेष अभियान में विकास प्राधिकरणों को भी जोड़ा जाए।
13. जनपद स्तर पर स्थापित विद्यालयों, थानों, नगर निगमों व अन्य स्थानीय निकायों एवं विकास प्राधिकरणों तथा पंचायतों के दिन-प्रतिदिन के कार्यों की समीक्षा हेतु एक पोर्टल/ मैकेनिज्म तैयार किया जाए तथा उनकी साप्ताहिक, पाक्षिक एवं राज्य स्तर पर मासिक समीक्षा की व्यवस्था बनायी जाए।

14. राज्य स्तर पर निदेशक, सूचना विभाग द्वारा विशेष अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार/प्रसारण सुनिश्चित कराया जाए। जनपदों के जिला सूचना अधिकारियों को इस आशय के निर्देश निर्गत किये जायें कि उनके द्वारा जनपद स्तर पर प्रत्येक विभाग से समन्वय कर तथा जिलाधिकारी से सम्पर्क कर विभागों के अच्छे कार्यों का मीडिया में प्रसारण कराया जाए। प्रत्येक विभाग द्वारा अपने अच्छे कार्य का वीडियो बनाया जाए व स्टोरी के माध्यम से उसका प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए।

15. **प्रत्येक जनपद में विशेष अभियान का शुभारम्भ दिनांक 17.10.2020 को मा0 प्रभारी मंत्रीगण द्वारा किया जाएगा** एवं समस्त जनपदीय अधिकारियों द्वारा इस भव्य कार्यक्रम में शामिल होकर सभी विभागों का संयुक्त कार्यक्रम आयोजित किया जाए।

16. प्रत्येक जनपद में विशेष अभियान के पर्यवेक्षण व अनुश्रवण हेतु जनपदवार (संलग्न सूची के अनुसार) महिला नोडल अधिकारी को नामित किया गया है। नोडल अधिकारी दिनांक 16.10.2020 को ही अपने प्रभार के जनपद में उपस्थित होकर अगले तीन दिवस जनपद में होने वाले कार्यक्रमों में भाग लेंगे व जनपद स्तर पर अन्तर्विभागीय समीक्षा की बैठक में भी भाग लेकर विशेष अभियान को सफल बनाने का पूरा प्रयास करेंगे। उक्त के साथ-साथ नोडल अधिकारी जनपद में विभिन्न स्तर के विद्यालय व थाने विशेष रूप से महिला थाना, कुछ ग्राम पंचायत, औद्योगिक व व्यावसायिक संस्थान आदि का भी निरीक्षण कर इस अभियान को गति देंगे। जनपद स्तर पर पॉक्सो व महिला अपराधों के निस्तारण व "ऑपरेशन शक्ति " का भी अनुश्रवण करेंगे। शासन द्वारा पूर्व से नामित वरिष्ठ नोडल अधिकारी इस अवधि में दो दिन जिले में जाकर इस अभियान के कार्यों का अनुश्रवण करेंगे।

उपरोक्तानुसार विशेष अभियान के सफल संचालन के निमित्त समस्त जिलाधिकारी/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस आयुक्त अपने स्तर पर दिनांक 15.10.2020 को एवं समस्त मण्डलायुक्त/पुलिस महानिरीक्षक उ0प्र0 द्वारा अपने स्तर पर समस्त विभागों के साथ एक समन्वय/समीक्षा बैठक दिनांक 16.10.2020 को अवश्य कर ली जाए। विशेष अभियान की अवधि में किए गए कार्यक्रमों एवं कार्यों का प्रगति विवरण, फोटोग्राफ/वीडियों सहित अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग एवं अपर मुख्य सचिव, सूचना विभाग को प्रेषित किया जाए।

संलग्नक-1- प्रस्तावित 10 दिन का कार्यक्रम।
2- मिशन शक्ति का प्रस्तुतीकरण।
3- नोडल महिला अधिकारियों की सूची।

भवदीय,
15.10.20
(राजेन्द्र कुमार तिवारी)
मुख्य सचिव

उत्तर प्रदेश शासन

गृह (पुलिस) अनुभाग-15

पत्र संख्या:957/6पु-15-2020

लखनऊ दिनांक: 15 अक्टूबर, 2020

---

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. अपर मुख्य सचिव, श्री राज्यपाल, उ0प्र0, लखनऊ।
2. अपर मुख्य सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 शासन।
3. समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, उ0प्र0 शासन।
4. समस्त विभागाध्यक्ष, उ0प्र0।
5. समस्त जनपदीय नोडल अधिकारी, उ0प्र0।

आज्ञा से,

(अवनीश कुमार अवस्थी)

अपर मुख्य सचिव।

अनुलग्नक - 1

| S.no | Date | Name | Theme | Participants | Implementing Agency |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 17-Oct-20 | पहला दिनः जागरूकता कार्यक्रम का शुभारम्भ -17 अक्टूबर | 1. मिशन शक्ति का किक स्टार्ट एवं पुलिस विभाग की कतिपय योजनाओं का लोकार्पण। | सभी भाग लेने वाले विभाग | 1. पुलिस विभाग<br>2. बलरामपुर प्रशासन। |
| 2 | 18-Oct-20 | ग्राम प्रधान, शहरी स्थानी निकाय, किसान और मजदूर | 1. ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लैंगिक संवेदीकरण, महिला और बाल सुरक्षा हेतु संवेदनशीलता लाना।<br>2. लैंगिक हिंसा की रोकथाम।<br>3. माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा सभी ग्राम प्रधानों/शहरी निकायों को पत्र। | 1. ग्राम प्रधान और शहरी स्थानीय निकाय।<br>2. शहरी मलिन बस्ती के निवासी।<br>3. किसान और श्रमिक। | 1. पंचायतीराज विभाग और नगर विकास विभाग।<br>2. कृषि विभाग एवं श्रम विभाग। |
| 3 | 19-Oct-20 | 3-ए | 1. शक्तिपरी<br>2. लैंगिक समानता।<br>3. लैंगिक हिंसा की रोकथाम।<br>4. पीड़ित को सामाजिक प्रतिष्ठा दिलाना। | आंगनबाड़ी, आशा और एएनएम कार्यकत्री | 1. स्वास्थ्य विभाग।<br>2. बाल विकास एवं पुष्टाहार। |
| 4 | 20-Oct-20 | शिक्षक एवं प्रधानाध्यापक | 1. विद्यालयों में बच्चों की सुरक्षा।<br>2. छात्रों और अध्यापकों के लिए जागरूकता कार्यक्रम।<br>3. बाल मनोविज्ञान के सम्बन्ध में समझ विकसित करना। | अध्यापक एवं छात्र-छात्राएं | बेसिक शिक्षा विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, प्राविधिक शिक्षा विभाग और चिकित्सा शिक्षा विभाग। |
| 5 | 21-Oct-20 | किशोर एवं युवा | 1. साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करना।<br>2. लैंगिक हिंसा की रोकथाम। | एनएसएस, भारत स्काउट एवं गाइड, एनसीसी, युवा मण्डल दल और स्कूल व कालेज के छात्र छात्राएं । | 1. उच्च शिक्षा विभाग।<br>2. युवा कल्याण विभाग।<br>3. महिला कल्याण विभाग। |
| 6 | 22-Oct-20 | यात्रा के दौरान सुरक्षा | 1. महिला यात्रियों के प्रति अच्छा व्यवहार करना।<br>2. यात्रा के दौरान महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा। | उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम, ओला, उबर, आटो और टैम्पों के चालक और परिचालक। | परिवहन विभाग। |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 23-Oct-20 | कारपोरेट हाउस, एसएमई एसोसिएशन एवं व्यवसायिक संस्थान। | 1. कार्य स्थलों पर उत्पीड़न की रोकथाम।<br>2. लैंगिक समानता और महिला कर्मचारियों की सुरक्षा। | व्यवसायिक संस्थान, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग संगठन एवं कार्पोरेटस | 1. औद्योगिक विभाग।<br>2. सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम एवं मध्यम विमाग |
| 8 | 24-Oct-20 | उत्तर प्रदेश पुलिस का मानवीय चेहरा | 1. कानून के प्रति जागरूकता।<br>2. मित्र पुलिस। | 1. आम जनमानस।<br>2. पीआरवी।<br>3. थाना। | पुलिस विभाग |
| 9 | 25-Oct-20 | नयी पहल | थानों पर हेल्प डेस्क का शुभारम्भ। | | पुलिस विभाग |

Scanned with CamScanner

## विभिन्न जनपदों में तैनात महिला अधिकारियों की जनपदवार सूची/प्रस्तावित नोडल अधिकारी

| क्र0 सं0 | जनपद | जनपद में तैनात आई0ए0एस0/आई0पी0एस0 अधिकारी | | | | जनपद के लिए प्रस्तावित नोडल अधिकारी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | मण्डलायुक्त (आई0ए0एस0) | जिलाधिकारी (आई0ए0एस0) | मुख्य विकास अधिकारी (आई0ए0एस0) | पुलिस अधिकारी | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | आगरा | | | जे0 रीमा | पूनम, कमाण्डेंट, 15वीं पी0ए0सी0 (जनपद के लिए प्रस्तावित) | जे0 रीमा, आई0ए0एस0, मुख्य विकास अधिकारी, आगरा |
| 2. | फिरोजाबाद | | | नेहा जैन | | नेहा जैन, आई0ए0एस0, मुख्य विकास अधिकारी, फिरोजाबाद |
| 3. | मैनपुरी | | | ईशा प्रिया | | ईशा प्रिया, आई0ए0एस0, मुख्य विकास अधिकारी, मैनपुरी |
| 4. | मथुरा | | | | आरती सिंह, ए0एस0पी0 | सौम्या अग्रवाल, आई0ए0एस0, प्रबन्ध निदेशक, दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम, आगरा |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5. | प्रयागराज | | | | | डा0 रोशन जैकब, आई0ए0एस0,<br>सचिव, भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग,<br>उ0प्र0 शासन |
| 6. | कौशम्बी | | | | | आर्यका अखौरी, आई0ए0एस0,<br>विशेष सचिव, माध्यमिक शिक्षा विभाग,<br>उ0प्र0 शासन |
| 7. | फतेहपुर | | | | | दीपा रंजन, आई0ए0एस0,<br>अपर आवास आयुक्त, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, लखनऊ |
| 8. | प्रतापगढ़ | | | | | प्रतिभा अम्बेडकर, आई0पी0एस0<br>एस0पी0, तकनीकी सेवायें, लखनऊ |
| 9. | कानपुर नगर | | | | | अमृता सोनी, आई0ए0एस0,<br>आयुक्त, वाणिज्यकर विभाग,<br>उ0प्र0, लखनऊ |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 10. | कानपुर देहात | | | | | सुजाता शर्मा, आई0ए0एस0,<br>विशेष सचिव, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग, उ0प्र0 शासन |
| 11. | इटावा | | श्रुति सिंह | | | श्रुति सिंह, आई0ए0एस0,<br>जिलाधिकारी, इटावा |
| 12. | औरेया | | | | सुनिति, पुलिस अधीक्षक | सुनिति, आई0पी0एस0,<br>पुलिस अधीक्षक, औरेया |
| 13. | फर्रुखाबाद | | | | | ख्याति गर्ग, आई0पी0एस0<br>डी0सी0पी0, लखनऊ |
| 14. | कन्नौज | | | | | पूनम, आई0पी0एस0,<br>कमाण्डेंट, 15वीं पी0ए0सी0, आगरा |
| 15. | अयौध्या | | | | | पद्मजा चौहान, आई0पी0एस0,<br>आई0जी0, ए0डी0जी0, पी0एस0आर0 एण्ड पी0वी0, लखनऊ |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 16. | अम्बेडकरनगर | | | | | संदीप कौर, आई0ए0एस0, विशेष सचिव, कृषि उत्पादन आयुक्त शाखा, उ0प्र0 शासन |
| 17. | बाराबंकी | | | मेधा रूपम | | मेधा रूपम, आई0ए0एस0, मुख्य विकास अधिकारी, बाराबंकी |
| 18. | सुल्तानपुर | | | | | किंजल सिंह, आई0ए0एस0, निदेशक, पंचायती राज विभाग, उ0प्र0, लखनऊ |
| 19. | अमेठी | | | डा0 अंकुर लाठर | | डा0 अंकुर लाठर, आई0ए0एस0, मुख्य विकास अधिकारी, अमेठी |
| 20. | गोरखपुर | | | | | मनीषा त्रिघाटिया, आई0ए0एस0, आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद, उ0प्र0, लखनऊ आवास एवं विकास परिषद, लखनऊ |
| 21. | देवरिया | | | | | मंजू लता, पी0सी0एस0, विशेष सचिव, कृषि उत्पादन आयुक्त |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | शाखा, उ0प्र0 शासन |
| 22. | महाराजगंज | | | | | चारू निगम, आई0पी0एस0,<br>डी0सी0पी0, लखनऊ |
| 23. | कुशीनगर | | | अन्नपूर्णा गर्ग | | अन्नापूर्णा गर्ग, आई0ए0एस0,<br>मुख्य विकास अधिकारी, कुशीनगर |
| 24. | झांसी | | | | | मिनिस्ती एस0, आई0ए0एस0,<br>महानिरीक्षक, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन,<br>उ0प्र0, लखनऊ |
| 25. | जालौन | | | | | रवीना त्यागी, आई0पी0एस0,<br>पुलिस अधीक्षक, सी0बी0सी0आई0डी0,<br>कानपुर |
| 26. | ललितपुर | | | | | पूनम निगम, पी0सी0एस0,<br>अपर आयुक्त, झांसी मण्डल, झांसी |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 27. | बांदा | | | | | पुष्पांजलि देवी, आई0पी0एस0, डी0आई0जी0 रेलवे, लखनऊ |
| 28. | चित्रकूट | | | | | वन्दना त्रिपाठी, पी0सी0एस0, सचिव, उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग, प्रयागराज |
| 29. | हमीरपुर | | | | | प्रियंका निरंजन, आई0ए0एस0, विशेष सचिव, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0 शासन |
| 30. | महोबा | | | | | चित्रलेखा सिंह, पी0सी0एस0, अपर आयुक्त, उद्योग निदेशालय, कानपुर नगर |
| 31. | गोण्डा | | | | | माला श्रीवास्तव, आई0ए0एस0, विशेष सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन |
| 32. | बहराइच | | | कविता मीना | | कविता मीना, आई0ए0एस0, मुख्य विकास अधिकारी, बहराइच |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | लिए प्रस्तावित)<br>2. पद्मजा चौहान, आई0जी0, ए0डी0जी0, पी0एस0आर0 एण्ड पी0वी0(जनपद के लिए प्रस्तावित)<br><br>3. लक्ष्मी सिंह, आई0जी0, लखनऊ (जनपद के लिए प्रस्तावित)<br>4. पुष्पांजलि देवी, डी0आई0जी0 रेलवे (जनपद के लिए प्रस्तावित)<br><br>5. साधना गोस्वामी, डी0आई0जी0, पावर कारपोरेशन (जनपद के लिए प्रस्तावित) | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 33. | बलरामपुर | | | | | शुभ्रा सक्सेना, आई0ए0एस0 विशेष सचिव, चिकित्सा शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन। |
| 34. | श्रावस्ती | | | | | सी0 इन्दुमती, आई0ए0एस0, निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, उ0प्र0 शासन |
| 35. | सहारनपुर | | | | | कंचन वर्मा, आई0ए0एस0, उपाध्यक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, गाजियाबाद |
| 36. | मुजफ्फरनगर | | सेल्वा कुमारी जे0 | | | सेल्वा कुमारी जे0, आई0ए0एस0, जिलाधिकारी, मुजफ्फरनगर |
| 37. | शामली | | जसजीत कौर | | | जसजीत कौर आई0ए0एस0, जिलाधिकारी, शामली |
| 38. | लखनऊ | | | | 1. रेणुका मिश्रा, ए0डी0जी0, पी0एस0आर0 एण्ड पी0वी0 (जनपद के | रेणुका मिश्रा, आई0पी0एस0, ए0डी0जी0, पी0एस0आर0 एण्ड पी0वी0, लखनऊ |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 6. प्रतिभा अम्बेडकर, एस0पी0, तकनीकी सेवायें (जनपद के लिए प्रस्तावित)<br><br>7. शालिनी, डी0सी0पी0, लखनऊ (जनपद के लिए प्रस्तावित)<br><br>8. सुजाता सिंह, कमाण्डेंट, 32वीं पी0ए0सी0 (जनपद के लिए प्रस्तावित)<br><br>9. ख्याति गर्ग, डी0सी0पी0, लखनऊ (जनपद के लिए प्रस्तावित)<br><br>10. चारू निगम, | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | डी0सी0पी0, लखनऊ (जनपद के लिए प्रस्तावित)<br>11. पूजा यादव, डी0सी0पी0, लखनऊ<br>12. प्राची सिंह, ए0सी0पी0, लखनऊ | |
| 39. | हरदोई | | | निधि गुप्ता वत्स | | निधि गुप्ता वत्स, आई0ए0एस0, मुख्य विकास अधिकारी, हरदोई |
| 40. | लखीमपुर खीरी | | | | | लक्ष्मी सिंह, आई0पी0एस0, आई0जी0, लखनऊ |
| 41. | रायबरेली | | | | | नीना शर्मा, आई0ए0एस0 सचिव, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास, उ0प्र0 शासन, लखनऊ |
| 42. | सीतापुर | | | | | अपर्णा यू0, आई0ए0एस0, सचिव, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ0प्र0 शासन। |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 43. | उन्नाव | | | | | पूजा पाण्डेय, आई0ए0एस0<br>निदेशक (प्रशासन), चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, उ0प्र0, लखनऊ। |
| 44. | मेरठ | अनीता सी0 मेश्राम | | | | अनीता सी0 मेश्राम, आई0ए0एस0,<br>आयुक्त मेरठ मण्डल, मेरठ |
| 45. | गौतमबुद्धनगर | | | | 1. श्रीपर्णा गांगुली, ए0सी0पी0(अपराध) (जनपद के लिए प्रस्तावित)<br><br>2. डा0 मीनाक्षी, डी0सी0पी0 (जनपद के लिए प्रस्तावित)<br><br>3. वृन्दा शुक्ला, डी0सी0पी0, (जनपद के लिए प्रस्तावित)<br><br>4. श्रद्धा नरेंद्र, | रितु माहेश्वरी, आई0ए0एस0,<br>सी0ई0ओ0, नोएडा |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | ए0सी0पी0<br>5. अंकिता शर्मा, ए0सी0पी0 | |
| 46. | बागपत | | शकुन्तला गौतम | | | शकुन्तला गौतम, आई0ए0एस0, जिलाधिकारी, बागपत |
| 47. | बुलन्दशहर | | | | | भारती सिंह, आई0पी0एस0, कमाण्डेंट, 41वीं पी0ए0सी0, गाजियाबाद। |
| 48. | गाजियाबाद | | | अस्मिता लाल | भारती सिंह, कमाण्डेंट, 41वीं पी0ए0सी0 (जनपद के लिए प्रस्तावित) | अस्मिता लाल, आई0ए0एस0, मुख्य विकास अधिकारी, गाजियाबाद |
| 49. | हापुड़ | | अदिति सिंह | | | अदिति सिंह, आई0ए0एस0 जिलाधिकारी, हापुड़ |
| 50. | बरेली | | | | | डा0 सारिका मोहन, आई0ए0एस0, निदेशक, बाल विकास पुष्टाहार विभाग, उ0प्र0, लखनऊ |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 51. | बदायूं | | | निशा | | निशा, आई0ए0एस0,<br>मुख्य विकास अधिकारी, बदायूँ। |
| 52. | पीलीभीत | | | | | अर्चना वर्मा, आई0ए0एस0,<br>उपाध्यक्ष, हापुड़-पिलखुआ विकास प्राधिकरण, हापुड़ |
| 53. | शाहजहांपुर | | | | अपर्णा गौतम,<br>ए0 एस0पी0 (आर0ए0) | प्रेरणा शर्मा, आई0ए0एस0,<br>मुख्य विकास अधिकारी, शाहजहांपुर |
| 54. | मुरादाबाद | | | | पूनम श्रीवास्तव,<br>डी0आई0जी0,<br>बीआरएपी एकेडमी | पूनम श्रीवास्तव, आई0पी0एस0<br>डी0आई0जी0, बीआरएपी एकेडमी,<br>मुरादाबाद। |
| 55. | अमरोहा | | | | | डा0 मीनाक्षी, आई0पी0एस0,<br>डी0सी0पी0, गौतमबुध नगर। |
| 56. | रामपुर | | | गजल भारद्वाज | | गजल भारद्वाज, आई0ए0एस0,<br>मुख्य विकास अधिकारी, रामपुर। |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 57. | बिजनौर | | | | | श्रीपर्णा गांगुली, आई0पी0एस0, ए0सी0पी0(अपराध), गौतमबुध नगर। |
| 58. | सम्भल | | | | | यशु रस्तोगी, आई0ए0एस0, उपाध्यक्ष, मुरादाबाद विकास प्राधिकरण, मुरादाबाद |
| 59. | वाराणसी | | | | | डा0 काजल, आई0ए0एस0, निदेशक, स्थानीय निकाय निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ |
| 60. | चन्दौली | | | | | सुधा वर्मा, आई0ए0एस0, अपर आयुक्त, वाणिज्य कर विभाग, लखनऊ |
| 61. | जौनपुर | | | | | संगीता सिंह, आई0ए0एस0, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना, लखनऊ। |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 62. | गाजीपुर | | | | | अर्चना गहरवार, पी0सी0एस0,<br>सदस्य सचिव, राज्य महिला आयोग,<br>लखनऊ |
| 63. | आजमगढ़ | | | | | साधना गोस्वामी, आई0पी0एस0,<br>डी0आई0जी0, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन,<br>लखनऊ |
| 64. | बलिया | | | | | शालिनी, आई0पी0एस0<br>डी0सी0पी0, लखनऊ |
| 65. | मऊ | | | | | गरिमा यादव, आई0ए0एस0,<br>विशेष सचिव, महिला कल्याण विभाग,<br>उ0प्र0 शासन, लखनऊ |
| 66. | मीरजापुर | प्रीती शुक्ला | | | | प्रीती शुक्ला, आई0ए0एस0,<br>आयुक्त, विन्ध्याचल मण्डल, मिर्जापुर। |
| 67. | भदोही | | | | | कृतिका ज्योत्सना, आई0ए0एस0,<br>सी0ई0ओ0, भदौही औद्योगिक विकास |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | प्राधिकरण, भदोही |
| 68. | सोनभद्र | | | | | सुजाता सिंह, आई0पी0एस0, कमाण्डेंट, 32वीं पी0ए0सी0, लखनऊ |
| 69. | बस्ती | | | सरनीत कौर ब्रोका | | सरनीत कौर ब्रोका, आई0ए0एस0, मुख्य विकास अधिकारी, बस्ती |
| 70. | सन्तकबीरनगर | | दिव्या मित्तल | | | दिव्या मित्तल, आई0ए0एस0, जिलाधिकारी, सन्त कबीर नगर। |
| 71. | सिद्धार्थनगर | | | | | मंजू लता, पी0सी0एस0, विशेष सचिव, कृषि उत्पादन आयुक्त शाखा, उ0प्र0 शासन |
| 72. | अलीगढ | | | | | श्रुति, आई0ए0एस0 अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, नोयडा |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 73. | हाथरस | | | | | नेहा शर्मा, आई0ए0एस0, ए0सी0ई0ओ0, नोएडा |
| 74. | कासगंज | | | | | वृन्दा शुक्ला, आई0पी0एस0, डी0सी0पी0, गौतमबुध नगर। |
| 75. | एटा | | | | | डा0 कंचन सरन, आई0ए0एस0, अपर आयुक्त, अलीगढ़ मण्डल, अलीगढ़ |



# महिलाओ तथा बालिकाओं की सुरक्षा व सम्मान

**शारदीय नवरात्र, 2020 - बासन्तिक नवरात्र, 2021**

मिशन शक्ति

नारी सुरक्षा
नारी सम्मान

# नारी सम्मान व सशक्तिकरण
# की ओर बढ़ते कदम

# जागरुकता अभियान में प्रतिभाग करने वाले समूह

पंचायती राज विभाग
- ग्राम पंचायत प्रधान

महिला कल्याण एवं बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग
- आंगनबाडी वर्कर
- ग्राम बाल संरक्षण समिति
- चाइल्ड लाइन

स्वास्थ्य विभाग
- ए.एन.एम.
- आशा वर्कर

कृषि विभाग /ग्रामीण विकास
- कृषक संघ
- कृषि विकास अधिकारी

दुग्धशाला विकास विभाग
- दुग्ध सहकारी संघ

चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग
- चीनी सहकारी समिति

पशु पालन विभाग
- पशु स्वास्थ्य कार्यकर्ता

परिवहन विभाग
- परिवहन निगम के चालक व परिचालक
- ओला/उबर
- ऑटो-टेम्पो चालक
- ट्रक चालक

उत्तर प्रदेश पुलिस
- पुलिस
- यूपी 112 पीआरवी
- जीआरपी

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम

# जागरुकता अभियान में प्रतिभाग करने वाले समूह

श्रम एवं सेवायोजन विभाग, उत्तर प्रदेश
- श्रमिक



शहरी विकास विभाग
- निकाय
- स्लम

अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास, उत्तर प्रदेश
- व्यापारी संघ

उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन
- सेल्फ हैल्प ग्रुप

स्वयं सेवी संगठन

बेसिक शिक्षा / माध्यमिक शिक्षा / उच्च शिक्षा / चिकित्सा शिक्षा विभाग
–अध्यापक
–प्रधानाध्यापक
–छात्र छात्राऐं

संस्कृति विभाग
–नुक्कड़ नाटक

रेलवे / मैट्रो / आर0पी0एफ0
–रेलवे यात्री

अभियोजन / राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण
– अभियोजक


# महिलाओं एवं बच्चो के सशक्तिकरण हेतु उत्तर प्रदेश सरकार का संकल्प

- 180 दिन
- 24 विभाग
- 75 जनपद
- 822 ब्लॉक
- 59000 पंचायत
- 630 शहरी निकाय
- 1535 थाना

# अभियान के दौरान मुख्य कार्य

- लैंगिक आधारित संवेदीकरण कार्यक्रम
- वेबिनार
- आत्म सुरक्षा प्रशिक्षण
- कार्यशाला
- कॉरपोरेट एक्टिविटी
- ध्वनि संदेश
- साक्षात्कार
- प्रशिक्षण
- दुर्गा पूजा पंडालों में कार्यक्रम
- थानों पर कार्यक्रम
- ग्रामीण स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम
- नुक्कड़ नाटक


# पूजा-पंडालों पर गतिविधियां



उद्घोषणा




पंडालों के आस-पास ड्रोन का प्रयोग




लघु फिल्मों का प्रदर्शन



# पूजा-पंडालों पर गतिविधियां



महिला सुरक्षा पर आधारित कार्यक्रम



रामलीला में महिला सुरक्षा पर आधारित कार्यक्रम

# विशेष गतिविधियां



पॉक्सो एवं महिला अपराध से सम्बन्धित अपराधियों को मा. न्यायालय द्वारा दण्ड दिलाने का विशेष प्रयास



दशहरा के दिन दुराचारियों के विरूद्ध अभियान

# अभियान के प्रभाव

प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं के सुरक्षित परिवेश की अनुभूति कराना

जन–जागरूकता पैदा करना

दुराचारियों की पहचान उजागर करना

आत्मसुरक्षा की कला विकसित करना

# जन् जागरण के लिए मॉड्यूलर दृष्टिकोण



## 24 करोड़

# कार्ययोजना

**शारदीय नवरात्र, 2020 - बासन्तिक नवरात्र, 2021**


# थीम –उदघाटन समारोहः मेघा इवेंन्ट्स अक्टूबर, 2020

17 से 25
अक्टूबर, 2020

शारदीय नवरात्र

समस्त विभाग





# थीम – बच्चो से सम्बन्धित अभियान

नवम्बर, 2020

20 नवम्बर से
26 नवम्बर, 2020

विश्व बाल दिवस

बेसिक, माध्यमिक
शिक्षा विभाग





## थीम –मानव तस्करी के विरुद्व अभियान (महिला एवं बच्चों की तस्करी एवं बलपूर्वक भिक्षा वृती को राकने हेतु


दिसम्बर, 2020




10 दिसम्बर से
16 दिसम्बर, 2020



अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार
दिवस



पुलिस (नोडल),
श्रम, महिला एवं
बाल कल्याण विभाग




# थीम – युवाओं को प्रशिक्षित करने का अभियान

जनवरी, 2021

24 जनवरी से
31 जनवरी, 2021

अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा
दिवस

माध्यमिक, उच्च,
तकनीकी, स्वास्थ्य विभाग




# थीम –सामाजिक कुरितियों के विरुद्ध अभियान फरवरी, 2021

11 फरवरी से
18 फरवरी, 2021

अंतर्राष्ट्रीय न्याय
दिवस

महिला, संस्कृति,
स्वास्थ्य, ग्राम विकास,
किसान, श्रम विभाग,



# थीम–सुरक्षित जच्चा –बच्चा ,सुरक्षित घर, सुरक्षित यात्रा मार्च, 2021

08 मार्च से
15 मार्च , 2021

अंतर्राष्ट्रीय महिला
दिवस

पुलिस, स्वास्थ्य विभाग
परिवहन विभाग, महिला एवं
बाल कल्याण विभाग



# थीम – समापन समारोह मेगा इवेन्ट्स


अप्रैल, 2021

13 अप्रैल से
22 अप्रैल, 2021

बासन्तिक
नवरात्र

समस्त विभाग





# मुख्य कार्यक्रम (प्रथम चरण)

**17 से 25 अक्टूबर, 2020**

# पहला दिन : जागरुकता कार्यक्रम का शुभारम्भ–17 अक्टूबर

1. मिशन शक्ति का किक स्टार्ट
   a) लोगो का अनावरण
   a) एलईडी वैन का फ्लैग ऑफ
2. **WCPO** के लोगो अनावरण
3. सेफ सिटी परियोजना
   a) डाटा एनालिटिक्स सेन्टर
   b) साइबर फोरेंसिक
   c) 112 और 1090 एकीकृत सेवा का अनावरण
   d) पिंक बूथ लखनऊ का अनावरण
   e) सेफ सिटी गैलरी का अनावरण
   f) पिंक पट्रोल का फ्लैग ऑफ
4. 1090
   a) फैमली काउंसलिंग का अनावरण
   b) क्रेच का अनावरण
   c) ऑपरेशन शक्ति कार्यक्रम का शुभारम्भ



➢ विभाग
Ÿ पुलिस विभाग
Ÿ सभी भाग लेने वाले विभाग

# दूसरा दिन : 18 अक्टूबर

## ग्राम प्रधान, शहरी स्थानीय निकाय, किसान और मजदूर

**विषय**

- ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लैंगिक संवेदीकरण, महिला और बाल सुरक्षा हेतु संवेदनशीलता लाना
- लैंगिक हिंसा की रोकथाम
- माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा सभी ग्राम प्रधानों/शहरी निकायों को पत्र

**प्रतिभागी**

- ग्राम प्रधान और शहरी स्थानीय निकाय
- शहरी मलिन बस्ती के निवासी
- किसान और श्रमिक

**विभाग**

- पंचायती राज विभाग और नगर विकास विभाग
- कृषि विभाग और श्रम विभाग





# तीसरा दिनः 19 अक्टूबर

## 3—ए

**विषय**
- शक्ति परी
- लैंगिक समानता
- लैंगिक हिंसा की रोकथाम
- पीड़ित को सामाजिक प्रतिष्ठा दिलाना

**प्रतिभागी**
- आंगनबाड़ी, आशा और एएनएम कार्यकत्री

**विभाग**
- स्वास्थ्य विभाग
- बाल विकास एवं पुष्टाहार





# चौथा दिन : 20 अक्टूबर

## शिक्षक एवं प्रधानाध्यापक

**विषय**


- विद्यालयों में बच्चों की सुरक्षा
- छात्रों और अध्यापकों के लिए जागरूकता कार्यक्रम
- बाल मनोविज्ञान के सम्बन्ध में समझ विकसित करना

**प्रतिभागी**

- अध्यापक एवं छात्र-छात्राएं

**विभाग**

- बेसिक शिक्षा विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, प्राविधिक शिक्षा विभाग और चिकित्सा शिक्षा विभाग





# पांचवां दिन : 21 अक्टूबर

## किशोर एवं युवा



**विषय**

- साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करना
- लैंगिक हिंसा की रोकथाम

**प्रतिभागी**

- एनएसएस, भारत स्काउट एवं गाइड, एनसीसी, युवा मण्डल दल और स्कूल व कॉलेज के छात्र–छात्राऐं



**विभाग**

- उच्च शिक्षा विभाग
- युवा कल्याण विभाग
- महिला कल्याण विभाग

# छठवां दिन : 22 अक्टूबर

## यात्रा के दौरान सुरक्षा

**विषय**

- महिला यात्रियों के प्रति अच्छा व्यवहार करना
- यात्रा के दौरान महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा


**प्रतिभागी**

- उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम, ओला, उबर, ऑटो और टैम्पों के चालक व परिचालक

**लीड एजेन्सी/विभाग**

- परिवहन विभाग





# सातवां दिन : 23 अक्टूबर

## कारपोरेट हाउस, एस.एम.ई. एसोसिएशन एवं व्यावसायिक संस्थान

**विषय**

- कार्य स्थलों पर उत्पीड़न की रोकथाम।
- लैंगिक समानता और महिला कर्मचारियों की सुरक्षा

**प्रतिभागी**

- व्यापारिक संस्थान, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग संगठन एवं कारपोरेट्स

**लीड एजेन्सी/विभाग**

- औद्योगिक विभाग
- सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, सी.आई.आई., फिक्की






# आठवां दिन : 24 अक्टूबर

## उत्तर प्रदेश पुलिस का मानवीय चेहरा

**विषय**
- कानूनों के प्रति जागरूकता
- मित्र पुलिस

**प्रतिभागी**
- आम जनमानस
- पुलिस

**विभाग**
- पुलिस विभाग






# नवां दिन : 25 अक्टूबर


## नई पहल

- पुलिस थानों पर हेल्प डेस्क का शुभारम्भ

विभाग

- पुलिस विभाग






# मीडिया प्लान

# होर्डिंग

75 जनपदों के मुख्यालयों पर

कुल 340 होर्डिंग

एयरपोर्ट, डी.एम. एवं एस.एस.पी. कार्यालय बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन एवं अन्य प्रमुख स्थानों पर






# एल.ई.डी. बिलबोर्ड

डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड


लखनऊ, गोरखपुर, प्रयागराज, वाराणसी, कानपुर, नोएडा, गाजियाबाद एवं आगरा जनपदों में 1–1 डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड



# एल.ई.डी. वैन

लघु फिल्मों का प्रदर्शन

प्रदेश में 75 से अधिक एल.ई.डी. वैन द्वारा जागरूकता






# समाचार पत्रों में विज्ञापन


- लेख
- साक्षात्कार
- अच्छे कार्यों का उल्लेख

हिन्दी और अंग्रेजी समाचार पत्रों में

प्रमुख समाचार पत्रों में



# एफ.एम. रेडियो



रेडियो जिंगल्स एवं विज्ञापन



अपकमिंग इवेन्ट्स एवं आर.जे. टॉक्स



लखनऊ, गोरखपुर, वाराणसी, प्रयागराज, कानपुर, आगरा, अलीगढ़, बरेली, झांसी, नोएडा एवं गाजियाबाद में




# बस

संपूर्ण बस ब्रांडिग एवं
बस के अन्दर स्टीकर लगाना

परिवहन विभाग
की अन्तर्जनपदीय बसें

समस्त बस



# रेलवे

उद्‌घोषणा

ट्रेन के डिब्बों में स्टीकर लगाना

लघु फिल्मों का प्रदर्शन




# न्यूज चैनलों में विज्ञापन

अधिक लोगों तक पहुंचने के लिए

मुख्य समाचार चैनल में विज्ञापन

विज्ञापन का समय 15 सेकेण्ड



# सोशल मीडिया

कार्यक्रमों का सजीव प्रसारण

युवाओं से सीधा संवाद

समाज को प्रभावित करने वाली सामग्री साझा करना

# मिशन शक्ति

## नारी सुरक्षा
## नारी सम्मान

**शारदीय नवरात्र, 2020 – बासन्तिक नवरात्र, 2021**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **1090** | **181** | **1076** | **112** | **1098** | **102** | **108** |
| वूमेन पॉवर लाइन | महिला हेल्पलाइन | मुख्यमंत्री हेल्पलाइन | पुलिस आपातकालीन सेवा | चाइल्ड लाइन | स्वास्थ्य सेवा | |

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश


मिशन
शक्ति
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
1090
181
1076
112
1098
102
108

# धन्यवाद